तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 25.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 10 जुलाई 2024

12 नगर परिषद ने रात के अंधेरे में सदर बाजार में तोड़े...



12 बदलाव अभियान के तहत दुनियावी शिक्षा से जुड़ा ..



SELECTIONS - 2024
NEET 73 | JEE Advanced 43 | CLAT 39 | CA Foundation 15

Affiliated to CBSE
YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS

लगातार शानदार परिणाम देने वाले रेपुटिड स्कूल में फ्री पढ़ने का सुनहरी मौका
SUPERB 100
IIT/NEET/CA/CLAT
Free Hostel and tuition fee classes 9th to 12th

I CAN DO

टेस्ट में अपार भागादीरी के लिए सभी बच्चों व अभिभावकों का धन्यवाद! 5606 बच्चों ने यह टेस्ट दिया। बहुत से बच्चों को फ्री पढ़ाने का ऑफर था परन्तु टेस्ट में सफलता निर्धारित से कम बच्चों ने पाई। यदुवंशी स्कूल आगे भी सभी बच्चों को इस तरह का अवसर देता रहेगा। कक्षावार निम्न बच्चों ने क्वालीफाई किया है जिनको मुफ्त शिक्षा व हॉस्टल सुविधा दी जाएगी:-

"I CAN DO TEST" RESULT (Held on 07 JULY, 2024)

| Class | Name | Father's Name | Address | Previous School |
|---|---|---|---|---|
| 9th | Ishika | Anil | Sain Chowk | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Anvi | Prashant | Jakhrana | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Nancy | Devender | Rasuli | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Rewari |
| 9th | Avi | Sushil | Bashipur | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Saksham | Randheer | Neepur | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Sandhya | Bharat Singh | Khera | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Mahendergarh |
| 9th | Khushwinder | Amit | Narnaul | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Riya Bhardwaj | Roshanlal | Bapora | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Dhanimahu |
| 9th | Janvi | Dodram | Narnaul | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Priyanshi | Jitender | Asadpur | Rishi Public School, Rewari |
| 12th | Himanshu | Ramesh Kumar | Patikara | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 12th | Prachi | Ved Parkash | Uttam Nagar | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Rewari |

यदुवंशी शिक्षा निकेतन आप सभी के स्वर्णिम भविष्य की कामना करता है।

OUR CAMPUSES
Mahendergarh: 9466341799 | Narnaul: 9468061387 | Thanwas: 9050784050 | Dhani Mahu: 9050007943 | Jind: 9053905361 | Gurugram Sec.92 : 9053905384 | Gurugram Sec.33: 9053905381
Kosli : 9053002458 | Satnali: 9812330666 | Rewari: 8901167461 | Hansi : 9053905366 | Sohali (Rajasthan): 9991217659 | Kanina: 9053048100 | Mandola: 7027134134 |

YADUVANSHI GROUP OF COLLEGES
यदुवंशी कॉलेज
Celebrating 29 Years of Excellence

हर बार यदुवंशी सबसे आगे
तोड़े सारे रिकॉर्ड
इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में सर्वाधिक अंक पाने वाली
शिवानी पुत्री श्री निरंजन सिंह 98.60 %
भारती पुत्री श्री शिव कुमार 98.40%

यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी
SHIVANI B.Sc. (H) Physics | ANKITA B.Sc. (H) Zoology | SUPRIYA B.Sc. (H) Zoology | ASHA B.A. | LOKESH B.P.Ed. | EKTA B.Sc. (H) Math | KALPANA M.Sc. Physics
DIKSHIKA B.Sc. (H) Chemistry | PREETI B.Sc. (H) Math | SUDHA B.Com. (H) | DEEPIKA M.Sc. Geography | KALPANA M.Sc. Chemistry | DEEPIKA M.A. Pol. Sci. | PHOGAT UJJWAL M.A. English

79 Students Above 90% | 149 Students Above 85% | 241 Students Above 80% | 351 Students Above 75% | 473 Students Above 70%

ADMISSION OPEN 2024-25
Course Offered
B.Sc. (Hons): Physics, Chemistry, Mathematics, Botany, Zoology
B.Sc.: Medical, Non-Medical, Comp. Science, Yoga
B.A., B.A. (Hons) English, BBA, BCA
M.Sc.: Physics, Chemistry, Mathematics, Zoology, Botany, Comp. Science, Geography
M.A.: English, Hindi, History, Pol. Sci., Sanskrit, Economics
M.Com., B.Com., B.Com (Hons)
B.Sc. -B.Ed., B.A. - B.Ed. Four Years Integrated
M.Ed., B.Ed., D.El.Ed., B.P.Ed., D.P.Ed.
Coaching for Competitive Exam: IIT-JAM GAT-B NET/JRF SSC
B.Tech CSE, ECE, ME, CE, EE
M.Tech Polytech. ITI

विभिन्न कोर्सों में यूनिवर्सिटी की टॉप-10 मैरिट लिस्ट में यदुवंशी सबसे आगे.....

University की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में स्थान पाने वाले विद्यार्थी
1st Position 15 | 2nd Position 13 | 3rd Position 12 | 4th Position 12 | 5th Position 11 | 6th Position 15 | 7th Position 12 | 8th Position 9 | 9th Position 12 | 10th Position 12 | मैरिट 123 सबसे अधिक

राव बहादुर सिंह
चेयरमैन, यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक

AC Hostel Facility for Boys & Girls | NSS Unit Available | Up to 50 Kms.

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE Rewari Road, Narnaul 8607052323 | 8607052424
YADUVANSHI DEGREE COLLEGE Mahendergarh 8607062323 | 8607062424
RBS DEGREE COLLEGE Thanwas, N. Chaudhary 8607052424
TECHNICAL COLLEGES Narnaul - 8607052323, Sohali - 9728396599
EDUCATION COLLEGES Narnaul - 8222852523, Sohali - 9991904068, Dhani Mahu - 8949371674, M.Garh - 7056720275, Ch. Dadri - 7027135135

## खबर संक्षेप

### श्री जगन्नाथ रथयात्रा 13 को निकाली जाएगी

घरौंडा। नवयुवक सेवा संगठन घरौंडा के तत्वधान में श्री जगन्नाथ संकीर्तन,भंडारा ओर भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा 12 ओर 13 जुलाई को शहर में निकाली जायेगी। नवयुवक सेवा सगठन के आयोजकों ने बताया कि भव्य दरबार,फूलों का श्रंगार,अखंड ज्योत से 12 जुलाई को रेलवे रोड अग्रसेन भवन में श्री जगन्नाथ सकीर्तन एवं भंडारा होगा। और 13 जुलाई शाम 5 बजे से बेंड बाजो के साथ प्रभु इच्छा तक शहर में भव्य श्री जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली जायेगी।

### भाविपा ने लगाया अनीमिया चैकअप कैंप

तरावड़ी। भारत विकास परिषद् के द्वारा मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज नगर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (सहशिक्षा) में अनीमिया चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का आयोजन नगर के संजय अस्पताल के सहयोग से किया गया। संजय अस्पताल से परिषद् के उपाध्यक्ष डा0 संजय कुमार एवं डा0 कविता मेघवाल ने विद्यालय से कक्षा आठवीं की छात्राओं को अनिमिया विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### करनाल गोल्ड ने लगाया मेगा फ्री हैल्थ कैम्प

करनाल। जेसीआई करनाल गोल्ड द्वारा अर्पणा हस्पताल मधुबन के सहयोग से सतिया वाला मन्दिर मॉडल टाऊन करनाल में लगाया गया फ्री हैल्थ चैकअप कैम्प। जिसमें अर्पणा हस्पताल के अनुभवी डॉक्टरर्स की टीम मुख्यतौर पर हड्डी विभाग, नेत्र रोग विशेषज्ञ, सर्जरी विभाग व दंत रोग विभाग ने अपनी मुफ्त सेवाएं प्रदान की। कैम्प में विभिन्न प्रकार के टैस्ट शुगर, बीपी, कोलेस्ट्रॉल, आंखों की जांच, थाईराइड आदि की सेवाएं फ्री प्रदान की गई। इस कै म्प में लगभग 105 मरीजों की जांच की गई व जरुरतमंद मरीजों को कई प्रकार की दवाईयां भी फ्री दी गई।

### पौधे लगाकर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

तरावड़ी। भारत विकास परिषद शाखा पड़वाला द्वारा पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत पौधे लगाकर शुरुआत की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार से पेड़ काटे जा रहे हैं। हमें मिलकर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित करना चाहिए। इस मौके पर भाविपा अध्यक्ष रामपाल लाठर ने अपील की प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिन पर एक पेड़ जरुर लगाएं।

### एक दिवसीय ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा 22 को

तरावड़ी। बाबा मुकेश भारती ने बताया कि एक दिवसीय ब्रज मंडल जलाभिषेक यात्रा 22 जुलाई सोमवार को साधु संतों के सानिध्य में होने जा रही है। महाभारतकालीन नल्हड़ शिव मंदिर वीर महादेव मंदिर फिरोजपुर झिरका राधा कृष्ण मंदिर पुनहाना में हर वर्ष की तरह सावन मास के प्रथम सोमवार को यह धार्मिक यात्रा होगी। बाबा मुकेश भारती ने सभी से इस यात्रा में पहुँचने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस बार भी हिन्दू संगठन के पदाधिकारियों के अलावा कई साधु-संत भी यात्रा में शामिल होंगे।

### मोहनलाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने दी बधाई

करनाल। असंध के पूर्व विधायक और पूर्व मुख्य संसदीय सचिव जिलेराम शर्मा ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली को बधाई दी। उन्होंने फोन कर बड़ौली के सफल कार्यकाल की कामना भी की। जिलेराम शर्मा ने विश्वास जताया कि मोहन लाल बड़ौली के नेतृत्व में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी हरियाणा में और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व का यह सराहनीय फैसला है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपने गढ़ जीटी बेल्ट को और ज्यादा मजबूत करने का काम किया है।उन्होंने कहा कि सोनीपत जिला भी जीटी बेल्ट के ही अधीन आता है।

## लोगों को जिले में दें बेहतर चिकित्सा सुविधा: डीसी

# लिंगानुपात सुधार में करनाल को प्रदेश में तीसरा स्थान

### टीबी मुक्त 22 ग्राम पंचायतों को उपायुक्त उत्तम सिंह ने स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। जिला सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते डीसी उत्तम सिंह।

टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में किया गया। इस सम्मान समारोह में 22 पंचायतों को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। टीबी मुक्त अभियान की वर्ष 2024 की समीक्षा में आयुष्मान भारत गुणवत्ता स्वास्थ्य कार्यक्रम में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों के अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने टीबी मुक्त गांव बनाने में अहम योगदान देने वाली टीबी मुक्त 22 पंचायतों के सरपंच भी बधाई के पात्र हैं और कहा कि इन पंचायतों की तरह जिला की सभी पंचायतें अपने- अपने गांवों को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग करें।

इसी पहल को आगे भी जारी रखें और सम्मानित हुए सरपंच अपने आस पास की पंचायतों का भी सहयोग करें, जिससे पूरा जिला टीबी मुक्त हो जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को जिला में उचित मेडिकल सुविधा प्रदान करने के दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त उत्तम सिंह ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप लिंगानुपात सुधार में करनाल जिला राज्य में तीसरे स्थान पर है। इसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग तथा ग्राम पंचायतों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए निरंतर अपने अभियान को जारी रखें और कहीं पर भी कन्या भ्रूण हत्या जैसी घटना को न होने दें। इसके लिए लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि आज के समय में लडक़ा और लडक़ी में कोई भेद नहीं है, लड़कियों को भी जीने का अधिकार दें तथा उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढऩे का अवसर प्रदान करें।

### ड्रग फ्री इंडिया मुहिम को साकार करने में ग्राम पंचायतों की अहम भूमिका : एसपी

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा ड्रग फ्री हरियाणा, ड्रग फ्री इंडिया मुहिम को साकार करने के लिए पंचायत स्तर पर सरपंचों की अहम भूमिका है। टीबी मुक्त व लिंगानुपात में आदर्श पंचायतें बनाने व नशे को रोकने के लिए प्रशासन गंभीर है। गांवों में सरपंचों के माध्यम से नशा तस्करी के कार्य को रोकने के लिए सहयोग दें। नशा तस्करों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। प्रशासन द्वारा नशा तस्करों पर उचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### जिले में 10.59 करोड़ की लागत से चकाचक होंगी 9 ओडीआर

करनाल। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने जिला करनाल की 9 ओडीआर सडक़ों की विशेष मरम्मत और सुधार की प्रशासनिक मंजूरी दी है। इस परियोजना पर 10.59 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि 1.04 करोड़ रुपये की लागत से करनाल-कैथल रोड से गांव पिंगली नरखेड़ी तक 4.151 किलोमीटर तक सडक़ का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसी तरह से 1.24 करोड़ रुपये की लागत से गांव काछवा से डेरा पुरबियान रोड तक 2.250 किलोमीटर तक सडक़ का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण व 85.22 लाख रुपये की लागत से गांव शाहपुर से गांव कलामपुर रोड तक 1.650 किलोमीटर तक चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण शामिल है। इसी प्रकार,1.58 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से गांव डाबरी कलामपुर पहुंच मार्ग का सुदृढ़ीकरण, 95.91 लाख रुपये की लागत से गांव कलामपुर से काछवा तक 3.400 किलोमीटर लंबी सडक़ का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इसके अलावा, करनाल जिले में 2.19 करोड़ रुपये की लागत से गांव काछवा से जरीफाबाद तक 4.320 किलोमीटर लंबी सडक़ का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण, 1.13 करोड़ रुपये की लागत से गांव घोघड़ीपुर से पिंगली तक 2.300 किलोमीटर लंबी सडक़ का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।



### सन्त निरंकारी मिशन ने बाल समागम का आयोजन

करनाल। सन्त निरंकारी सत्संग भवन ,रेलवे रोड़ करनाल में जोनल स्तरीय विशाल निरंकारी बाल सन्त समागम का आयोजन किया गया जिसमें आए बाल सन्तों व श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए बलदेव नागपाल ,जोनल इंचार्ज,भिवानी ने फरमाया कि बच्चे कोरी स्लेट होते हैं जिस पर बड़ों द्वारा कुछ भी लिखा जा सकता है । इसलिए हमें अपने बच्चों को सत्संग में अवश्य साथ लेकर आना चाहिए ताकि उनका जीवन सदगुणों से भरपूर हो सके और परिवार व समाज में उनका कद सदैव ऊंचा रहे । स्थानीय जोनल इंचार्ज सतीश हंस जी ने बताया कि हर वर्ष सम्पूर्ण भारतवर्ष में बाल समागमों का आयोजन स्कूलों की छुट्टियों में किया जाता है । उसी के अंतर्गत आज इस समागम का आयोजन किया गया जिसमें जिला करनाल व कैथल की सभी ब्रांचो के बच्चों ने नाटिका ,कविता ,स्पीच व गीतों के माध्यम से कला का सहारा लेकर अपने-अपने भाव समागम में व्यक्त किए ।



### एक दिन में लगाए जाएंगे 20 हजार पौधे: नैन

करनाल। मुख्यमंत्री के ओएसडी एवं डीआईजी पंकज नैन ने कहा कि ग्रीन करनाल के सपने को साकार करने के लिए एक ही दिन में 20 हजार पौधे लगाए जाएंगे। यह पौधारोपण 75वें वन महोत्सव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ऑक्सीवन में 13 जुलाई को सुबह 11 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह शिरकत करेंगे और अपने हाथों से पौधा लगाकर राज्य स्तरीय वन महोत्सव का आगाज करेंगे। ओएसडी एवं डीआईजी पंकज नैन मंगलवार को देर सांय लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले वन विभाग के अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक नवदीप हुड्डा व डीएफओ जयकुमार ने 13 जुलाई को करनाल के ऑक्सीवन में आयोजित होने वाले 75वें वन महोत्सव के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर फीडबैक प्रस्तुत किया। ओएसडी पंकज नैन ने कहा कि ऑक्सीवन करनाल नई अनाज मंडी के सामने 75वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव 13 जुलाई को वन विभाग की तरफ से आयोजित किया जा रहा है।

# शिरोमणि कमेटी विस्थापित सिख परिवारों के बीच पहुंची

- विभाजन के बाद पश्चिमी पंजाब से उजड़ कर हरियाणा में बसे थे चार सिख परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



हरियाणा की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा करनाल जिले के अमुपुर गांव में देश के विभाजन के बाद पश्चिमी पंजाब से उजड़ कर हरियाणा में बसे चार सिख परिवारों के घरों को तोड़ने की कार्रवाई पर संज्ञान लेते हुए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल आज यहां पहुंचा और पीड़त परिवारों से मुलाकात की और उनके साथ खड़े रहने का संकल्प लिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कल शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने एक कमेटी का गठन किया, जिसमें शिरोमणि कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष स. हरभजन सिंह मसाना, जूनियर उपाध्यक्ष गुरबख्श सिंह खालसा, सदस्य भाई गुरचरण सिंह ग्रेवाल, स. बलदेव सिंग कैमपुर और धर्म प्रचार समिति के सदस्य स. तेजिंदरपाल सिंह लाडवा शामिल हैं। शिरोमणि कमेटी के इस प्रतिनिधिमंडल ने आज पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और जमीनी स्तर पर पूरी स्थिति की जानकारी ली। इस मौके पर शिरोमणि कमेटी प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया कि सिख संगठन उनके साथ है और सरकार की धक्केशाही और दमन का डटकर विरोध किया जाएगा।

# भर्ती रोको गैंग के खिलाफ निकालेंगे शव यात्रा

- कहा : सरकारी भर्तियों में रुकावट के खिलाफ सड़कों पर दिखेगा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। करनाल में पत्रकारों से बातचीत करते सुरेन्द्र शर्मा बड़ौता।

सरकारी नौकरियों में कोर्ट केस के माध्यम से अड़चन लगाने का मामला दिनोंदिन तूल पकड़ रहा है। गरीब बच्चों के रोजगार के लिए दशकों से आवाज उठा रहे प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण आरक्षण संघर्ष समिति हरियाणा एवं करनाल ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बड़ौता ने कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा व रणदीप सिंह सुरजेवाला के समर्थकों द्वारा सरकारी भर्तियों के खिलाफ कोर्ट केस दायर करने पर उनकी शव यात्रा निकाल बेनकाब करने का प्रण लिया है। यह जानकारी उन्होंने मंगलवार को ब्राह्मण धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने कहा कि भर्ती रोको गैंग के खिलाफ निकली शव यात्रा प्रदेश के हर जिले में जाएगी, जिसकी शुरुआत मंगलवार को करनाल से की गई। यात्रा का मकसद गरीब बेरोजगार युवाओं के हितों की रक्षा करना बताया जा रहा है। यात्रा रोजाना एक जिले में घूमेगी और बेरोजगारों से जनसमर्थन मांगेगी। नौकरी में किस किस तरीके से अड़चनें डलवाई जा रही हैं, उनसे लोगों को अवगत कराया जाएगा। यात्रा का समापन कुरुक्षेत्र में होगा। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस राज में नौकरियों की खुली बोली लगती थी। दलाल गली गली घूमते थे। गरीब परिवार के लिए सरकारी नौकरी सपना थी, लेकिन अब गरीबों को भी बिना खर्ची बिना पर्ची के नौकरी मिलने लगी है तो कांग्रेस नेताओं को दर्द होता है। इनका हक हड़पने के लिए दोनों नेताओं के गुर्गे तरह तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। पत्रकारों से बात करते हुए शर्मा ने कहा कि कांग्रेस रोजगार की दुश्मन न बने बल्कि रोजगार से जुड़े मामलों में सहयोगी बने। कोर्ट केस कराकर भर्तियों में रोड़ा न अटकाए। कांग्रेस के लोग यदि ऐसे ही रोजगार में रुकावट पैदा करते रहेंगे तो वे जल्द ही कांग्रेस नेताओं के घरों व कार्यालयों का घेराव भी करेंगे।



### आरएसएस कार्यकर्ताओं ने वन विहार में किए कार्यक्रम

करनाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में वन विहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे केशव नगर के करीब 150 स्वयंसेवकों ने नलीपार गांव में विविध कार्यक्रम आयोजित किये। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने जहां खेल और स्नान का भरपूर आनंद लिया वहीं प्रकृति के संरक्षण का संदेश भी दिया। वन बिहार कार्यक्रम में जिला संघ चालक डॉ भरत ठाकुर ने कहा कि आज वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण हमारे लिए एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। इस पर रोक लगनी चाहिए। तेजी से कट रहे पेड़ों की भरपाई के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वनविहार संघ के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है जो प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस दौरान मौजूद स्वयंसेवकों को शाखा लगाकर विभिन्न खेलों से तथा संघ के गीतों से परिचित कराया गया। सहभोज के साथ आरएसएस का वन विहार कार्यक्रम संपन्न हो गया। इस मौके पर केशव नगर कार्यवाह श्याम सुंदर ने कहा कि वन विहार कार्यक्रम से स्वयंसेवकों को विभिन्न स्थानों के भ्रमण करने का मौका मिलता है और उनका ज्ञानवर्धन होता है।

# एक से ज्यादा वोट डालने के मामले में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गिरफ्तार

- सोशल मीडिया पर डाली थी पोस्ट, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी को प्रतिरूपण कर एक से ज्यादा वोट डालने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 31 मई को एक शिकायत मिली थी कि सोशल मीडिया पर अभिमन्यु सिंह गाल्याण उर्फ मन्यू ने लोकसभा चुनाव 2024 के मतदान के दिन 25 मई 2024 को करनाल लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रतिरूपण कर एक से ज्यादा वोट डालने का खुलासा किया है। जिस पर जिला पुलिस कप्तान ने तुरंत संज्ञान लेते हुए प्रबंधक थाना सिविल लाइन निरीक्षक विष्णु कुमार को मामला दर्ज कर जांच करने व आरोपी को गिरफ्तार करने के आदेश दिए। शिकायत पर थाना सिविल लाइन में धारा 171-डी, 188, 419 आईपीसी और 123-ए, 135-ए आरपी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।



### राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे का संदेश लेकर जनता के बीच पहुंचेगी कुमारी सैलजा

करनाल। कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेत्री पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद कुमारी शैलजा द्वारा शहरी इलाक़ों में पदयात्रा निकालने की घोषणा की है इसका स्वागत करते हुए कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता इन्दरजीत सिंह गोराया ने कहा की लोकसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के लोगों ने कांग्रेस पार्टी के प्रति जो उम्मीद और उत्साह दिखाया है यह यात्रा उस उत्साह को एक लहर में बदलने का काम करेगी । गोराया ने कहा बहन कुमारी सैलजा राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का संदेश लेकर जनता के बीच पहुंचेगी ।उन्होंने कहा की आज हरियाणा का एक आम शहरी नागरिक प्रॉपर्टी आईडी और पीपीपी के जंजाल में फंसा हुआ है । दुकानदारों और व्यापारियों और छोटे दुकानदार भी परेशान है।

# महाराजा अग्रसेन सभा इंद्री की कार्यकारिणी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री



इंद्री। महाराजा अग्रसेन भवन इंद्री में हुई मीटिंग मे मौजूद सभा सदस्य ।

महाराजा अग्रसेन सभा इंद्री की मीटिंग महाराजा अग्रसेन भवन इंद्री में सभा प्रधान पवन सिंगला की अध्यक्षता में हुई । मीटिंग में महाराजा अग्रसेन सभा की कार्यकारिणी का गठन किया गया । जिसमें कार्यकारिणी मे संरक्षक जगदीश गोयल, सुभाष जिंदल व राधेश्याम गर्ग, उप प्रधान जयप्रकाश बंसल, सचिव अनूप सिंगला, सहसचिव विकास बंसल, कोषाध्यक्ष निशपाल गर्ग, सह कोषाध्यक्ष वासु गोयल, प्रेस प्रवक्ता जयपाल बंसल, सलाहकार अमित गोयल, वेद प्रकाश गोयल, नीरज मंगला, राजीव गोयल, कपिल बंसल,सचिन गोयल, प्रवीन गोयल व संजीव गोयल, ग्रामीण प्रभारी मदनलाल कलसौरा, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश मंगला, बृजमोहन गर्ग, विशाल मित्तल, एडवोकेट राजेश कुमार व रोहित जिंदल को बनाया गया । नवनियुक्त कार्यकारिणी ने उपस्थित अग्रवाल समाज के लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि वे समाज के हित के लिए कार्य करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे ।

**कमेटी गठित** सर्वजातिय महासभा का चुनाव शांतिपूर्ण व सर्वसम्मति से सम्पन्न

# सर्वजातिय महासभा के चुनावों में विजय पाल एड. प्रधान और ओपी सचदेवा बने महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल। बैठक में शपथ लेते नवनियुक्त पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सर्वजातिय महासभा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी जय गोपाल अरोड़ा की देखरेख में सर्वजातिय महासभा का चुनाव शांतिपूर्ण व सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ ओर नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। जय गोपाल अरोड़ा ने जानकारी देते हुए घोषणा की कि सर्वजातिय महासभा के प्रधान पद पर विजय पाल एडवोकेट पुत्र चौधरी वेदपाल पूर्व डिप्टी स्पीकर हरियाणा निर्विरोध चुने गये और महासचिव के पद पर ओ.पी. सचदेवा निर्वाचित हुए। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ उपप्रधान महेन्द्र सिंह चन्देल, उपप्रधान के.पी. अग्रवाल, जयपाल दहिया, रामलाल अग्रवाल, गौरव शर्मा, सहसचिव गुलशन कुमार मदान, कोषाध्यक्ष शाम सुन्दर परुथी चुने गये। उन्होंने जानकारी दी कि कार्यकारिणी के सदस्य पृथ्वी सिंह ग्रोवर, पाल सिंह सन्धू (पूर्व डीएसपी), परमिन्द्र पाल सिंह, नरेन्द्र सिंह चौहान, विजय पाल काम्बोज, सतबीर नरवाल चुने गए। विजय पाल एडवोकेट प्रधान ने कार्यकारिणी गठन के बाद शमशेर सिंह सन्धू को मुख्य संरक्षक व जय गोपाल अरोड़ा को संरक्षक मनोनीत किया। इस बैठक में सुरजीत सुभरी, ईश्वर सिंह रमन, संदीप लाठर व अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। सुरेन्द्र गाबा ने देशभक्ति और प्रभु भक्ति के गीतों से सभी का मन मोह लिया। सभी ने नई कार्यकारिणी को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### उद्यमियों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा

**पानीपत।** ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया एसोसिएशन के प्रधान सुनील तुली व कार्यकारिणी के सदस्यों ने पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज से मुलाकात कर ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया की समस्याओं से अवगत करवाया। वहीं विधायक प्रमोद विज ने उन्हें आश्वासन दिया कि सभी कार्य करवाने के लिए शीघ्र सीएम से मिला जाएगा।

### छात्रों को नौकरी का झांसा देकर नकदी ठगी

**पानीपत।** पानीपत शहर के ताऊ देवी कॉम्प्लेक्स स्थित एपीएलएल कंम्प्यूटर सेंटर पर नाबालिग छात्राओं के साथ धोखाधड़ी की गई है। वहीं, सिटी थाना पुलिस को दी शिकायत में नितिका, मुस्कान, तन्नू, शिवानी, टीना आदि ने बताया कि वे उनके साथ ताऊ देवी लाल कॉम्प्लेक्स स्थित एपीएलएल कंम्प्यूटर सेंटर संचालक प्रताप ठाकुर, धर्मेश, अजय और अकबर ने धोखाधड़ी की है। छात्राओं ने बताया कि उन्होंने सन 2023 में उक्त सेंटर में दाखिला लिया था।

### रेलवे ट्रैक के पास से लड़की का शव मिला

**पानीपत।** पानीपत की बाबरपुर मंडी के पीछे रेलवे ट्रैक के पास से एक युवती का शव मिला है। जीआरपी ने प्राथमिक तौर पर मामला संदिग्ध होने की आशंका के चलते एफएसएल की टीम को भी बुला कर जांच करवाई। घटनास्थल से सभी साक्ष्यों को जुटाने के बाद शव को सिविल अस्पताल भिजवाया गया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**समालखा।** समालखा में अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार संदीप निवासी दुर्गा कालोनी, समालखा की मौके पर ही मौत हो गई। संदीप, दिन में मोबाइल चार्जर लेने घर से निकला था, लेकिन रातभर वापस घर नहीं लौटा। सुबह संदीप की मौत की सूचना मिली।

### किरयाना की दुकान से 45 हजार चोरी

**पानीपत।** पानीपत के गांव डाहर निवासी कृष्ण सिंह की किरयाना की दुकान से 45 हजार रूपये की चोरी कर ली। वहीं, इसराना थाना पुलिस को दी शिकायत में कृष्ण ने बताया कि छह जुलाई को दोपहर करीब डेढ़ बजे उसकी मां केला उसकी किरायाणा की दुकान पर बैठी थी। इसी दौरान बाइक सवार तीन युवक वहां आए। उनमें से दो दुकान में घुस गए, जबकि तीसरा बाइक पर बैठा रहा। दुकान पर आए दो युवकों ने उसकी मां को बातों में उलझा लिया, इस दौरान दोनों युवकों ने गल्ले में रखी 45 हजार रूपये की नगदी चोरी कर ली।

### महिला यात्री के जेवर चोरी, केस दर्ज

**पानीपत।** रोहतक से पानीपत जा रही ललिता निवासी इंदिरा कालोनी, रोहतक के बैग से जेवर चोरी हो गए। ललिता ने चोरी का शक बस कंडक्टर और एक अज्ञात व्यक्ति पर जताया है। कंडक्टर ने ललिता का बैग पीछे वाली खिड़की वाली सीट के नीचे रख दिया था। वहीं ललिता को वहां से दो सीट आगे बैठाया गया। ललिता की शिकायत पर हुडा सेक्टर 29 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बसपा नेता की हत्या की निंदा की

**पानीपत।** बसपा की पानीपत जिला इकाई द्वारा मंगलवार को आयोजित बैठक में तमिलनाडु में बसपा नेता व प्रदेश अध्यक्ष के आर्मस्ट्रांग की उनके चेन्नई आवास के बाहर की गई हत्या की कड़ी निन्दा की गई।

### अपराध का ग्राफ बढाः चुघ

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश चुघ ने हरियाणा में असुरक्षित नेतृत्व में चल रही सरकार को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में कानून और सरकार का नहीं, बल्कि जंगलराज चल रहा है।

## पूर्व प्रधान आचार्य व हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा के पूर्व मंत्री पर गबन का आरोप

# आर्य बाल भारती स्कूल के फंड से 34 लाख रुपये का गबन

### आचार्य आजाद व आचार्य योगेंद्र पर केस दर्ज, 34 लाख हडपने का आरोप, दोनों पर रोहतक में भी दर्ज है केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान प्रेस वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल के प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने आरोप लगाया कि स्कूल के पूर्व प्रधान आचार्य आजाद सिंह आर्य व हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा के पूर्व मंत्री आचार्य योगेंद्र पर आर्य बाल भारती स्कूल के फंड से 34 लाख रूपये गबन का आरोप लगाया। वहीं रोहतक की सब्जी मंडी थाने में आचार्य आजाद सिंह आर्य व आचार्य योगेंद्र व इनके साथी पर भी अपराधिक आरोप में पहले से केस दर्ज है। इधर, आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री उमेद आर्य ने बताया कि पूर्व प्रधान आजाद सिंह आर्य 2010 से 17 तक करीब 24.50 लाख और पूर्व मंत्री आचार्य योगेंद्र 9.50 लाख रुपये निकाल चुके हैं। अलग-अलग तरीके से लाखों रुपये गबन कर अपने खाते में डलवा चुके हैं। उन्होंने कभी रिकार्ड जमा नहीं कराया। लगातार संपर्क साधने के बावजूद कोई जवाब न मिलने पर उन्होंने शहर थाना पुलिस को शिकायत दी, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज किया। उनकी मांग है कि पुलिस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करे। एक माह पहले गठित की गई कमेटी प्रधान आर्य रणदीप कादियान ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद कोषाध्यक्ष महताब ने पूर्व प्रधान आजाद सिंह और आचार्य योगेंद्र से खाते से रुपये निकालने का हिसाब मांगा तो कहते थे कि रिकार्ड में उक्त राशि सभा के खर्च में चढ़ा दो, लेकिन इन रुपयों का कभी बिल नहीं दिया। खाते से फंड गायब मिलने पर उन्होंने एक माह पहले महताब और कपिल के नेतृत्व में एक कमेटी गठित की, जिसकी जांच में करीब 34 लाख रुपये का मामला सामने आया। अभी यह राशि और बढ़ सकती है।

#### ऐसे किया गया गबन

कादियान ने बताया कि आचार्य योगेन्द्र ने 18 अप्रैल 2014 में आर्य बाल भारती स्कूल के खाते से 6.70 लाख रुपये से गौरक्षा के नाम पर स्विफ्ट कार निकलवाई। 11 जुलाई 2014 को 10 लाख रुपये गौशाला में डोनेशन के नाम पर निकाले। आजाद सिंह आर्य ने 10 नवंबर 2010 को स्कूल से दो लाख रुपये नकद लिए। 18 नवंबर 2010 को ढाई लाख रुपये चेक से, 23 फरवरी 2011 को आठ लाख रुपये चेक से लिए और स्कोरपियो गाड़ी ली। नौ मई 2013 को दो लाख रुपये चेक से लिए। 19 जुलाई 2013 को उग्राखेड़ी स्कूल में हुए कार्यक्रम के लिए 50 हजार रुपये लिए। 10 मार्च 2014 को सभा के लिए दो अलग-अलग चेक से एक-एक लाख रुपये निकलवाए। 26 अगस्त 2014 को साढ़े तीन लाख रुपये उधार लिए, बाद में इनका कोई हिसाब नहीं दिया। वहीं, आचार्य योगेंद्र 1100, 2100, 5100 तक रुपये दक्षिणा के नाम पर निकाल चुके है। 25 फरवरी 2016 को दो लाख रुपये उधार लिए, लेकिन वे नहीं लौटाए और न ही उनका कोई हिसाब दिया। दूसरी ओर, थाना सिटी के निरीक्षक राजबीर सिंह ने बताया कि आचार्य आजाद सिंह आर्य और आचार्य योगेंद्र पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस की जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## शिक्षा इंसान की तरक्की की सबसे सशक्त राहः तायल

- पाइट में 11 को आएंगे अशनीर ग्रोवर, विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

भारत पे कंपनी के संस्थापक, शार्क टैंक इंडिया फेम एवं मोटिवेशनल स्पीकर अशनीर ग्रोवर 11 जुलाई को पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में चल रही लीड वर्कशॉप में भाग लेने पहुंच रहे हैं। इस वर्कशॉप में वह कॉलेज स्टूडेंट्स को करिअर का सही मार्ग दिखाएंगे। पाइट के वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष लीड वर्कशॉप का आयोजन किया जाता है। अलग-अलग क्षेत्रों में सफल बिजनेसमैन और जॉब में उच्च पदों पर पहुंचे लोग युवाओं के रोल मॉडल होते हैं। इनसे जिंदगी काफी अनुभव सीखे जा सकते हैं। जीवन में आने वाली कठिनाइयों पर क्या करना चाहिए, किस तरह से आगे बढ़ा जा सकता है, स्टार्टअप शुरू करना हो तो किस तरह की सावधानियां बरतनी चाहिए, ऐसे सवालों का जवाब उन्हीं लोगों से मिल सकता है, जो इस दौर से गुजरे हैं। अशनीर ग्रोवर ने अपने आइडिया से डिजिटल पेमेंट को बेहद आसान बना दिया। उनसे काफी कुछ सीखा जा सकता है। वहीं, साइबर सिक्योरिटी विभाग की अध्यक्ष एवं स्टार्टअप सेल इंचार्ज डॉ.शक्ति अरोड़ा ने बताया कि पाइट कॉलेज में प्रेरक वक्ता खालिद, आकाश इंस्टीट्यूट के रीजनल मार्केटिंग हेड लव ग्रोवर, कॉरपोरेट ट्रेनर शिप्रा कुकरेजा आ चुकी हैं। 10 जुलाई, बुधवार को एआइ पर हितेश कुमार का लर्निंग लेक्चर होगा। इसके अलावा एंटरप्रन्योर अमित पांड्या भी प्रेरित करेंगे।

## नागरिक अस्पताल में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पानीपत के सिविल अस्पताल में पौधारोपण करते हुए शिक्षा अधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल में आज वन विभाग व स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विशाल पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डीईओ राकेश बूरा के मार्गदर्शन में तथा जिला संगठन आयुक्त स्काउट गुलाब पांचाल के नेतृत्व में स्काउटस ने बढ़ चढकर भाग लिया। पूर्व सांसद संजय भाटिया, निवर्तमान मेयर अवनीत कौर, सीएमओ डॉ.जयंत आहूजा व एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा नेज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण करना पर्याप्त नहीं है लगाए गए पौधों को पेड़ बनने तक उनकी देखभाल भी आवश्यक है। उन्होंने पानीपत के स्काउट्स की सेवा कार्यों में बढ़-चढकर भाग लेने की भावना की भी प्रशंसा की। डीईओ राकेश बूरा ने कहा की शिक्षा विभाग ने इस सत्र में एक लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में पौधारोपण होगा तथा आसपास के कुछ स्थान भी चिन्हित किए गए हैं, जहां पौधारोपण करके उनका रखरखाव करना सुनिश्चित किया जाएगा। इस अभियान में गुलाब पांचाल के नेतृत्व में स्काउट की मजबूत टीम सहयोग कर रही है। वहीं गुलाब पांचाल ने कहा कि इस मुहिम में डीओसी कब हरिओम, पूर्व डीओसी बोधराज श्योराण, हेड मास्टर मुकेश बोस, डॉ.रविंद्र डिकाडला भी बढ़ चढकर सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर समाजसेवी महेश थेरेजा, खंड संसाधन समन्वयक विक्रम सरावत, जिला वन अधिकारी जयकिशन चंद भाटिया, स्वामी नरेशानंद, ललित गोयल, स्काउट मा. सुरेश बांगड़, स्काउट मा. रघुवीर आर्य, ज्योति भाटिया,प्रवीण ताया व प्रवीण मदान उपस्थित रहे।

### स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का कार्य शुरू

**पानीपत।** पानीपत के विभिन्न क्षेत्रों में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने का काम नगर निगम की तरफ से तेजी से शुरू कर दिया गया है। जहां पर नई स्ट्रीट लाइट लगाने की डिमांड निगम के पास पहुंच रही है, वहां पर उन्हें लगाने का काम शुरू भी कर दिया गया है। कुछ लाइटों को रिप्लेस भी किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वार्डों के हिसाब से अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं।

गौरतलब है कि खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों का मुद्दा इन दिनों शहर में काफी बड़ा बना हुआ है। नगर निगम अधिकारियों की बैठक हो या फिर डीसी का खुला दरबार, मंत्री के दरबार में भी यह मामला सुर्खियों में रहा है। नगर निगम में लगातार आ रही स्ट्रीट लाइटों की शिकायतों को लेकर बीते दिनों निगम की बैठक में सहकारी मंत्री महिपाल ढांडा भी गंभीर दिखाई दिए थे।

## कैंप में 75 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। जन आवाज सोसाइटी के कैंप में रक्तदाता का हौंसला बढाते हुए अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

जन आवाज सोसाइटी के 31वे रक्तदान शिविर में नगर निगम के कार्यकारी अभियंता राहुल पूनिया हुडा विभाग से कनिष्ठ अभियंता रामपाल आर्य, सहायक राजीव, सहायक खाद्य आपूर्ति नियंत्रक देवेंद्र कादियान, पटवारी लेखराज, निगम कर्मचारी अभिषेक चौहान, नीरज भाटिया, विकास जांगरा, राहुल शुभम, सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर दीपक गुप्ता, कंवरपाल अहलावत, एडवोकेट अजय राणा, राजेश जांगड़ा, सुरेश मलिक सहित 75 युवाओं ने रक्तदान किया। वहीं, कार्यकारी अभियंता राहुल पूनिया ने 50 वीं बार, सुशील शर्मा ने 29 वीं बार, संदीप नरवाल ने 25 वीं बार, डॉ दीपक गुप्ता ने 20 वीं बार रक्तदान किया। तहसीलदार वीरेंद्र गिल ने रक्तदाताओं को बैच लगाकर सम्मानित किया । इस अवसर पर गौरव रामकरण सचिन रेड क्रॉस सोसाइटी, ब्लड बैंक इंचार्ज डॉक्टर पूजा सिंगल, जसमेर, कर्मवीर मिस्त्री, कंवरपाल रावल, रुद्र प्रताप, विजेंद्र सिंह, सुमित कुमार, आकाश, अंकुश, दीपक, जरनैल सिंह, इमरान तेजवीर, सागर, अर्जुन, मोनू, नितिन वर्मा, जसबीर मलिक, रोहित कुमार, राकेश चावला, जॉनी, विशाल भूपेंद्र कुमार, सतपाल, दीपक कपूर, सुनील कुमार, अजय कुंडू, चिराग, राकेश, दीपक मित्तल, उस्मान, वीरेंद्र, वसीम खान, सुनील कुमार, अनिल, उदय, राकेश आदि ने रक्तदान किया। जबकि जोगिंदर स्वामी प्रधान जन आवाज सोसाइटी, रंजीत भोला, डीपी ग्रोवर, सोनू पंडित, सरदार कंवलजीत सिंह, मुंसाद तोमर, मनोज कुमार, प्रमोद पाल आदि ने रक्तदाओं का हौसला बढ़ाया।

### बच्ची के यौन शोषण के दोषी को 20 साल की कैद

**पानीपत।** बच्ची का यौन शोषण करने के दोषी पवन पुत्र प्रहलाद निवासी गांव राजापुर जिला बांका, बिहार हाल निवासी राजपूत कालोनी, पानीपत को अदालत ने 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। पवन पर 16 मई 2022 पर एक महिला ने केस दर्ज करवाया था। पवन पर सात साल की लडकी का यौन शोषण करने का आरोप था। वहीं पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। अदालत ने पवन को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं अदालत ने पवन के खिलाफ थाना मॉडल टाउन पुलिस द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों, पीडित लडकी व इसकी मां आदि की गवाही, एमएलआर व एफएसएल की रिपोर्ट के आधार पर दोषी मान कर सजा सुनाई है।

### सहकारिता मंत्री ने बाबरपुर और कचरौली गांवों में की जन सुनवाई

## ग्रामीण अंचल का शहरी तर्ज पर हो रहा विकासः ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। सहकारी मंत्री महीपाल ढांडा जन सुनवाई करते हुए।

हरियाणा के विकास पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महीपाल ढांडा ने मंगलवार को बाबरपुर और कचरौली में ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनते हुए कहा कि जो समस्याएं शिकायतकर्ताओं द्वारा दी जा रही है उन पर शत प्रतिशत कार्यवाही होगी। राज्य सरकार ग्रामीणों की समस्याओं के निदान को लेकर गंभीर है। मंत्री के दरबार में अब तो समस्याओं के समाधान को लेकर अन्य जिलों के शिकायतकर्ता भी दस्तक देने लग गए है। मंत्री ने कहा कि समस्याएं चाहे बिजली पानी से संबंधित हो या फिर फैमली आईडी या अन्य रोजमर्रा से जुड़ी हुई हो सभी पर कार्यवाही की जा रही है।

उन्होंने पिछले दिनों की उन समस्याओं के समाधान के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली व समीक्षा की। विकास पंचायत मंत्री ने दोनों गांव के ग्रामीणों, पंचों और सरपंचों से गांव की कुछ सामूहिक मांगों के बारे में भी चर्चा करते हुए कहा कि लोगों की समस्या का समाधान उनके द्वार पर हो रहा है वह खुशी का पल है। कुछ बुर्जग लोग किन्हीं कारणों से सरकारी कार्यालयों में समस्याओं के निदान को लेकर पहुंच नहीं पाते थे। उन्होंने कहा कि अब सरकार ने पूरे प्रशासन को उनकी समस्याओं के निदान के लिए उनके दरवाजे पर ही भेजा है। इसके सकारात्मक परिणाम मिल रहे है। हर गांव में हर वर्ग के लोग अपनी निजी समस्याओं के साथ साथ सामूहिक समस्याओं को लेकर भी पहुंच रहे है जिनका मौके पर निदान किया जा रहा है। लोगों में सरकार के प्रति विश्वास जगा है व एक ऐसा वातावरण बनता जा रहा है जिसमें सब ग्रामीण खुशी पूर्वक स्वीकार कर रहे है कि सरकार ने जो कार्यक्रम शुरू किया है वह बहुत ही लाभकारी है व ग्रामीणों को इसका अच्छा लाभ मिल रहा है।

## न्यूज डायरी




### आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का एसडीएम ऑफिस पर प्रदर्शन

**समालखा।** आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन संबंधित एआईयूटीयूसी समालखा की ओर से अपनी मांगों को लेकर के एसडीएम के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व एआईयूटीयूसी के राज्य उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी, जिला प्रधान राजवीर सिंह, सचिव शेरसिंह, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की प्रधान शकुंतला, सचिव कमलेश, सुमन, कविता व मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन की राज्य महासचिव कुसुम पांचाल ने किया।

### राजकीय स्कूल राजाखेडी में 501 पौध रोपे गए



**पानीपत।** राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव राजाखेड़ी में प्रधानाचार्य सुमित्रा सांगवान के नेतृत्व में विद्यार्थियों से 501 पौधे रोपे गए। वहीं प्रधानाचार्य सुमित्रा सांगवान ने बताया कि इको क्लब के इंचार्ज संस्कृत प्राध्यापक संजीव कुमार इस विद्यालय में पौधों की देखभाल, नलाई, गुड़ाई पानी देना आदि कार्य को देखते हैं। संजीव शास्त्री ने बताया कि आज बहरामपुर बापौली नर्सरी से पौधे मंगवा कर जो बच्चे पौधे लगाकर उनकी देखभाल कर सकते हैं उन सभी से पौधे रोपित करवाए गए।

### पर्यावरण घना होने से वातावरण शुद्ध होता हैः शरण




**समालखा।** वृक्षारोपण समारोह का आयोजन गांधी स्मारक निधि पब्लिक स्कूल में सामाजिक संगठन जलेश्वर नाथ शरण फाउंडेशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गांधी स्मारक निधि के सचिव आनंद कुमार शामिल हुए। उन्होंने स्कूल प्रबंधन तथा जलेश्वर नाथ शरण फाउंडेशन का कार्यक्रम के लिए धन्यवाद किया। इससे पूर्व स्कूल की प्रार्थना सभा में शरण फाउंडेशन के निदेशक अशोक शरण ने बच्चों को पेड़ लगाने के लाभ बताएं। उन्होंने बताया वृक्षारोपण से पर्यावरण शुद्ध होता है।



### पेंडिंग समस्याओं की प्रतिदिन होगी समीक्षा

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र दहिया ने बताया कि समाधान शिविर के समय में जो बदलाव किया गया है उसको देखते हुए अब अधिकारी सीटीएम के साथ रोजाना 20 मिनट पैंडिंग समस्याओं को लेकर रिव्यू भी करेंगे। उन्हें समाधान शिविर से 20 मिनट पहले सभागार में पहुंचना होगा। मंगलवार को सचिवालय में लगाए गए समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से जुड़ी 357 समस्याएं प्राप्त हुई जिनमें से 173 का मौके पर समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना के तहत जो भी शिकायतकर्ता सरकारी नार्म को पूरा करते हैं उन्हें सरकार की योजनाओं का निश्चित रूप से लाभ मिलना चाहिए।

### महिलाओं को जागरूक किया

**पानीपत।** माता सीता रानी सेवा संस्था द्वारा हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड के सौजन्य से संचालित परिवार परामर्श केंद्र द्वारा महिलाओं को केंद्र की कार्यप्रणाली से अवगत कराने और उनके अधिकारों की जानकारी देने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन ईदगाह कॉलोनी में किया गया। इस अवसर पर केंद्र की परामर्शदात्री चेतना अरोड़ा, कानून की छात्रा कशिश पाहूजा, संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता आनंद, आंगनवाड़ी वर्कर मीनाक्षी, यशवंती, हेल्पर सुषमा, करीना, सविता, बिमला, ज्योति, बीरमति, कंचन, नीलम, सीता, दुर्गा, राजकली, उषा, मोनिका, आरती और सीमा उपस्थिति रही।

### डीसी ने मैराथन को लेकर बैठक की

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में आगामी 28 जुलाई को होने वाली मैराथन को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और कहा कि यह एक बड़ा इवेंट है इसमें अति विशिष्ठ व्यक्ति भी पधारेंगे। इसलिए इस कार्यक्रम की तैयारियां अभी से शुरू कर दी जाए। उन्होंने कहा कि आगामी दो दिनों में जल्द ही इसकी वेबसाइट ओपन कर दी जाएगी जिस पर आमजन अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे। यह मैराथन पुरूष एवं महिला वर्ग में 42.195 किलो मीटर, 21.0975 किलो मीटर, 10 किलो मीटर और 5 किलो मीटर की आयोजित की जाएगी।

### सरकारी योजनाओं का प्रचार किया

**पानीपत।** सूचना जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की तरफ से चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की भजन पार्टियां लगातार प्रचार अभियान चलाते हुए जन-जन तक सरकारी की जन कल्याणकारी नीतियों के बारे में जानकारी पहुंचा रहीं हैं। इसके अलावा भजन पार्टियां आमजन को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी संदेश देने के कार्य कर रही हैं।

### हर वर्ग की हितैषी है आप

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी का गांव बिंझौल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें पार्टी के प्रदेश सह सचिव सुखबीर सिंह मलिक और उनकी टीम के सदस्य होशियार सिंह, इकबाल पानीपती, किसान नेता राजवीर, शाकिर अंसारी, प्यारेलाल गुप्ता, राजकुमार मुंडे, संदीप मनचंदा, अमीत नोहरा भी पहुंचे थे। वहीं आप नेताओं ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और आप की सरकार बनने पर समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

### बिजली को लेकर प्रदर्शन किया

**पानीपत।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन जिला कमेटी के नेतृत्व में झांबा गांव में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती में नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने बारे उपायुक्त को शिकायत एवं मांग पत्र दिया गया। यूनियन राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र ने कहा कि सरकार की आवासीय योजना महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के लाभार्थी को मूलभूमि सुविधाएं दी जाए। इस अवसर पर सतपाल, सुमेर सिंह ,उम्रदीन,महमूद हसन, कृष्ण, मेहरुद्दीन, जगदीश आदि थे।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

**सागर शर्मा सुपुत्र श्री भगवान दास सुपुत्र श्री अशरफी लाल निवासी 894-पी, सैक्टर 13-17, हुडा, पानीपत।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सागर शर्मा सुपुत्र श्री भगवान दास सुपुत्र श्री अशरफी लाल निवासी 894-पी, सैक्टर 13-17, हुडा, पानीपत ने एक दस्तावेज बाबत जायदाद को परिवर्तित करने हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है।

यह कि भगवान दास सुपुत्र श्री अशरफी लाल निवासी 894-पी, सैक्टर 13-17, हुडा, पानीपत की मृत्यु दिनांक 18.11.2014 को हो चुकी है। यह कि मृतक की माता श्रीमति जयवन्ती देवी धर्मपत्नी श्री अशरफी लाल की मृत्यु मृतक से काफी अरसे पहले हो चुकी है। यह कि श्री भगवान दास सुपुत्र श्री अशरफी लाल की मृत्यु के उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये है। प्रार्थी के द्वारा अपने शपथ पत्र में श्री भगवान दास सुपुत्र श्री अशरफी लाल की मृत्यु के उपरान्त उनके निम्न वारिस/उत्तराधिकारी दर्शाये गये है। हल्का पटवारी तथा नगर निगम पार्षद पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्ही वारसान की तसदीक की गई है। यह कि श्री भगवान दास सुपुत्र श्री अशरफी लाल की मृत्यु उपरान्त 4 वारिस है :-

1. संतोष कुमारी (पत्नी) 2. दिव्या शर्मा (पुत्री) 3. योगिता शर्मा (पुत्री) 4. सागर शर्मा (सुपुत्र) स्वर्गीय श्री भगवान दास सुपुत्र श्री अशरफी लाल है। इनके इलावा अन्य कोई भी वारिस नहीं है।

इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार/नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 08.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार एवम्-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।**

रोहित नारंग सुपुत्र श्री अशोक नारंग निवासी मकान नम्बर 81, पटेल नगर वार्ड नं. 9 पानीपत तहसील व जिला पानीपत।

बनाम

जनरल पब्लिक।

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि रोहित नारंग सुपुत्र श्री अशोक नारंग निवासी मकान नम्बर 81, पटेल नगर वार्ड नं. 9 पानीपत तहसील व जिला पानीपतत ने दस्तावेज पंजीकृत करवाने हेतु पेश किए है। जिसमें स्पष्ट रूप बताया गया है कि प्रार्थी की के पिता श्री अशोक नारंग सुपुत्र श्री तेजभान नारंग के नाम एक दुकान जो कि वार्ड नम्बर 1 पानीपत अन्दर सीमा नगर निगम पानीपत मे स्थित है की मलकियत बरूए वसीका 3207 नम्बर दिनांक 02/07/2010 एस साहब पानीपत द्वारा है। यह है कि अशोक नारंग सुपुत्र श्री तेजभान नारंग की मृत्यु दिनांक 19/02/2024 को हो चुकी है। उनकी मृत्यु के बाद उनके उक्त जायदाद के वारसान निम्नलिखित हैं, जिसकी रिपोर्ट नम्बरदार राजीव व हल्का पटवारी लेखराज द्वारा करवा दी गई है। जो कि साथ संलग्न है। उनके निम्न वारिस / उत्तराधिकारी हैं:-

1. राज रानी विधवा
2. पुजा पुनानी पुत्री
3. शिवानी पुत्री
4. रोहित नारंग पुत्र

है। इनके इलावा अन्य कोई वारिस व हकदार नहीं है। जिनके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। यह है कि प्रार्थी अपने नाम विकय पत्र करवाना चाहती है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाश उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 27-06-2024 को मेरे न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/-तहसीलदार एवम्-सब- रजिस्ट्रार पानीपत।

## खबर संक्षेप

### बच्चों को वाहन न दें अभिभावकः एसपी

**अंबाला।** एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने कम आयु के बच्चों को वाहन जैसे एक्टिवा, मोटरसाइकिल व कार इत्यादि सड़क पर चलाने के लिए न दें। उन्हें यातायात के नियमों की जानकारी होती है। निर्धारित आयु होने पर ही अभिभावक अपने बच्चों का लाइसेंस बनवाकर उन्हें वाहन चलाने की अनुमति दें।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर क्षेत्र से चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी विकास को गिरफ्तार किया है। घास मंडी के राजू ने 8 जुलाई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि चरखी मोहल्ला से आरोपी विकास ने उसकी बैटरियां चोरी की हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को काबू किया है।

### गोवंश तस्करी करने के आरोप में दो काबू

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज 10 पशुओं को कैंटर में क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी रमनजीत सिंह व शौकीन को गिरफ्तार किया है। 5 जुलाई 2024 को पुलिस को सुचना प्राप्त हुई थी कि सद्दोपुर पुल के पास कैंटर में 10 पशुओं क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा है । 10 पशुओं को कैंटर सहित कब्जे में लिया गया था।

### शिविर में छह समस्याओं का समाधान किया

**अंबाला।** छावनी उपमंडल स्तर पर लगाएं जा रहें समाधान शिविर में एसडीएम सतिंद्र सिवाच के समक्ष विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं सुनी। इनमें फैमिली आईडी से संबंधित 3 समस्याएं रखी गई, 3 समस्याएं आरसी कोरेक्शन से जुड़ी थी। 3 समस्याएं जमाबंदी व 2 अन्य समस्याएं शामिल थी। 6 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।

### शहीद स्मारक को लेकर ली समीक्षा बैठक

**अंबाला।** निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी की ने मंगलवार को आजादी की पहली लड़ाई पर आधारित शहीद स्मारक की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने स्मारक पर आर्ट वर्क का कार्य कर रही एजेंसियों से काम को लेकर जानकारी ली। सैनी ने बताया कि शहीद स्मारक का कार्य तेजी से चल रहा है। आज बैठक में आर्ट वर्क का कार्य कर रही एजेंसियों से काम की प्रोग्रेस रिपोर्ट ली गई।

### 30 तक चलेंगे बीए फाइनल के एडमिशन

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में एडमिशन की प्रक्रिया 5 से आरंभ हो चुकी है। इसमें बीए ,बीएससी ,बीकॉम फर्स्ट ईयर के दाखिले आरंभ हो गए हैं। एडमिशन के लिए पहली मेरिट लिस्ट 5 को लगाई गई थी। एडमिशन के लिए 9 तारीख अंतिम तिथि थी। प्रथम मेरिट लिस्ट में एडमिशन के लिए विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह दिखाया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ इंदु विज ने बताया कि यू.जी एडमिशन के लिए जो आगे का शेड्यूल रहेगा उसकी द्वितीय मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को आएगी और इसमें फीस जमा करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई रहेगी। 16 जुलाई को तीसरा चरण फिजिकल काउंसलिंग का होगा जिसमें वो विद्यार्थी भी दाख़िला ले सके गें जिनका किसी कारण वश दाख़िला नहीं हो पाया। ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन 17 जुलाई से पुनः किया जा सकेगा। बीए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के दाखिले 8 जुलाई से आरंभ होकर 30 जुलाई तक चलेंगे।

### ब्राह्मण समरसता यात्रा के लिए दिया निमंत्रण

बराड़ा। समस्त ब्राह्मण समाज के सभी अंश को एक मंच पर एकत्रित कर उनके हितों की रक्षा करना हमारा एकमात्र उद्देश्य है। यह शब्द कुरुक्षेत्र से पधारे अशोक शर्मा व राजकुमार वत्स ने कहे। वो ब्राह्मण समाज की जागृति के लिए 14 को प्रस्तावित ब्राह्मण समरसता यात्रा के लिए निमंत्रण देने के लिए यहां पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज को समाज एकत्रित हो करना होगा। उन्होंने कहा वेद पुराणों में पहले चार वर्ण प्रणाली होती थी। लेकिन बाद में विदेशी आक्रांताओं ने ब्राह्मण समाज को अलग-अलग जातियां में बांट दिया।

## राहगिरी में मुफ्त बांटे जाएंगे पौधे, ज्यादा संख्या में लोग भाग लें

- सीएम के ओएसडी पंकज नैन और डीसी ने राहगिरी को लेकर ली अधिकारियों की बैठक, सीएम करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

आगामी 14 जुलाई को अंबाला शहर के हर्बल पार्क के साथ लगती सडक़ पर राहगिरी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह शिरकत करेंगे। राहिगरी में एक अन्य खास बात यह भी रहेगी कि इस दौरान मुफ्त में पौधे भी बांटे जाएंगे। सीएमओ के ओएसडी पंकज नैन और डीसी डॉ. शालीन ने मंगलवार को इसे लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राहगिरी की शुरूआत साइकिल रैली के साथ होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सर्वप्रथम साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके बाद पहले मंच से आमजन को संबोधित करेंगे। इसके उपरांत अलग-अलग एक्टिविटी के प्रतिभागियों से मिलते हुए दूसरे मंच पर पहुंचेंगे। दूसरे मंच से भी मुख्यमंत्री नायब सिंह लोगों से मुलाकात करेंगे। ओएसडी पंकज नैन ने पुलिस को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर पुलिस विभाग महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती करे ताकि



अंबाला। अधिकारियों को जरुरी निर्देश देते ओएसडी पंकज नैन व अन्य अधिकारी।

पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। इसके साथ-साथ वाहनों की पार्किंग पहले से सुनिश्चित की जाए। नगर निगम कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त संख्या में डस्टबीन रखवाए जाएं। कार्यक्रम से एक दिन पहले फॉगिंग करवाई जाए। इसके साथ-साथ वीआईपी व सामान्य मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था भी कार्यक्रम स्थल के आसपास की जाए। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। पब्लिक हेल्थ द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी सुरेंद्र सिंह भोरिया, नवीन आहूजा, विश्वजीत सिंह, एसडीएम दर्शन कुमार, मनदीप राणा, सौरव गुप्ता, सुशील कुमार, दिनेश शर्मा, सुरेश कुमार, मोहित दहिया, रितेश अग्रवाल, विजय लक्ष्मी, अर्शदीप व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### कार चालक ने कई वाहनों को मारी टक्कर, दो जख्मी

अंबाला। अंबाला छावनी में देर रात तेज रफ्तार होंडा सिटी ने कई लोगों को चपेट में ले लिया। इस दौरान कार ने कई वाहनों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हादसे में कुछ लोग जख्मी भी हुए हैं। उन्हें नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। कार एक किशोर चला रहा था। कई वाहनों को क्षतिग्रस्त करने पर लोगों ने जमकर हंगामा किया। गुस्साए लोगों ने किशोर के साथ उनके सहयोगियों से भी मारपीट की। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अभी पुलिस ने गिरफ्तार करने की पुष्टि नहीं की है।

### कांग्रेस ने कार्रवाई पर उठाए सवाल

## नगर परिषद ने रात के अंधेरे में सदर बाजार में तोड़े अवैध थड़े

- कहा-भाजपा नेता को फायदा पहुंचाने के लिए रात के अंधेरे में चोरों की तरह हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी में देर रात नगर परिषद की ओर से अचानक अवैध थड़े तोड़ने का अभियान चलाया गया। कई बाजारों से नपा अधिकारियों ने अतिक्रमण को हटाने का काम किया। हालांकि अब विपक्षी दल इस कार्रवाई पर उंगली उठा रहे हैं। कांग्रेसी नेत्री चित्रा सरवारा ने कहा कि आधी रात को चोरों का आतंक तो सबने सुना ही था परंतु रात करीब 1 बजे अंबाला छावनी नगर परिषद की टीम द्वारा सदर बाजार में थड़े तोड़ने का मामला बेहद हैरानगी वाला है। उन्होंने अधिकारियों पर कटाक्ष करते हुए आधी रात को चोरों की तरह नगर परिषद के अधिकारियों को थड़े तोड़ने का आदेश किसने पारित किया यह जांच का विषय बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर थड़े तोड़ने ही थे तो दुकानदारों को पहले सूचना क्यों नही दी गई? या मुनयादि नगर परिषद द्वारा क्यों नहीं कराई गई?थड़े तोड़ने के दौरान अगर किसी दुकान में शटर टूट जाता या चोरी हो जाती तो उसका जिम्मेदार कौन था? चित्रा ने कहा कि कथित तौर पर ये खेल भाजपा के एक नेता के इशारे पर नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा रचा गया है । जनता में आवाज है कि एक व्यक्ति विशेष को फायदा पहुंचाने के लिए ये सारा षडयंत्र नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा किया गया।



अंबाला। रात के अंधेरे में थड़े तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### दुकानदारों को बिना बताए कार्रवाई की निंदाः चित्रा

चित्रा ने कहा कि पहले ही रोज रोड खुदी होने के कारण दुकानदारों का काम धंधा चौपट है उपर से रात को चोरों की तरह बिना दुकानदारों को बताए ऐसी कार्रवाई की कांग्रेस पार्टी निंदा करती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि जो भी अधिकारी चाहे वो किसी के भी इशारे पर रात को 1 बजे थड़े तोड़ने आए थे सभी पर मुकदमा दर्ज करके इसकी जांच भी करवाएं। उन्होंने कहा छावनी में एक भी सड़क चलने के लायक नहीं है। खास तौर पर सारा सदर बाजार उखाड़ के फेंक रखा है।सरकार और प्रशासन को चाहिए था कि पहले एक सड़क बनाते फिर दूसरी को उखाड़ते हैं। उन्होंने कहा कि सदर बाजार में आने के सभी रास्ते बंद पड़े हैं। एक ओर तो सरकारी कॉलेज के पास नाला बनाने के लिए पुलिया तोड़ रखी है तो दूसरी ओर सारा सदर तोड़ रखा है। फारूखा खालसा स्कूल की बैक रोड भी नाला बनाने के नाम पर तोड़ रखी है। अब अगर किसी ने सदर बाजार में आना है तो वो कहा से आएगा सरकार या प्रशासन को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने फिर कहा कि देर रात 1 बजे थड़े किसके आदेश पर और किसको फायदा पहुचाने के लिए तोड़े गए सरकार और प्रशासन इस पर भी स्थिति स्पष्ट करें।



अंबाला। आप नेता अनुराग ढांडा मीडिया से बातचीत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## शंभू बॉर्डर खुलवाने को अभियान चलाएगी आप

- ढांडा बोले पूर्व सीएम के इशारे पर रोका गया किसानों का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

शंभू बॉर्डर को खुलवाने के लिए अब आम आदमी पार्टी ने भी राज्य सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने ने बताया कि अब शंभू बॉर्डर खुलवाने के लिए उनकी पार्टी जन जागरूकता अभियान की शुरुआत करेगी। इस दौरान लोगों को सरकार द्वारा किसानों पर किए गए अत्याचार के बारे में बताया जाएगा। ढांडा ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा केंद्रीय मंत्री के इशारे पर किसानों को दिल्ली जाने से रोका गया था। इस दौरान किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए। इसमें बहुत से किसान घायल हुए, कई किसानों की जान गई। युवा किसान नेता नवदीप जलबेडा 3 महीने से ज्यादा जेल के अंदर है। उनका कसूर इतना है कि उन्होंने किसानों के हक के लिए लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा कि नवदीप को दबाने के लिए सरकार द्वारा उन पर अत्याचार किया जा रहा है। बॉर्डर बंद होने से एनएचएआई का रोजाना 72 लाख का नुकसान हो रहा है। शंभू बॉर्डर बंद होने की वजह से अंबाला और आस पास का व्यापार ठप पड़ा है।

व्यापार में 40% की घटौती हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा जितना लंबा इस राजनीतिक द्वेष को चलाएगी उतना ही ज्यादा नुकसान होगा। अनुराग ढांड़ा ने बताया कि शंभू बॉर्डर खुलवाने के लिए अब आम आदमी पार्टी जन जागरूकता अभियान चलाएगी।

## छात्रों को अब बस-पास सुविधा 150 किलोमीटर

- परिवहन मंत्री असीम गोयल बोले पहले केवल 60 किलोमीटर तक बनते थे पास, अब छात्रों के हित में उठाया गया बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

परिवहन मंत्री श्री असीम गोयल ने घोषणा की कि प्रदेश के सरकारी एवं मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों में पढने वाले छात्रों के लिए अब बस-पास की सुविधा को 60 किलोमीटर से बढ़ाकर 150 किलोमीटर कर दिया है।

राज्य में स्थित ऐसे स्कूल, कॉलेज व अन्य संस्थानों में पढने वाले राज्य के सभी छात्रों को रियायती बस पास जारी किए जाएंगे। यह सुविधा उन्हीं छात्रों को मिलेगी जोकि राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

सरकार के इस निर्णय से प्रदेशभर के लाखों छात्र लाभान्वित होंगे । इस निर्णय को छात्रों के हित में लिया गया एक बहुत बड़ा फ़ैसला माना जा रहा है। मंत्री ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा शैक्षणिक संस्थान से अधिकतम 150 किलोमीटर की सीमा तक बस-पास जारी किए जाएंगे जो कि पहले केवल 60 किलोमीटर तक ही जारी होते थे। यह बस-पास शिक्षण संस्थानों के प्राधिकारियों की संस्तुति पर छमाही आधार पर जारी किए जाएंगे। उधर परिवहन विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार जो भी स्कूल कॉलेज संस्था आदि अपने छात्रों का बस - पास बनवाना चाहता है उनको अपने संस्थान का मान्यता/संबद्धता प्रमाण-पत्र की सत्यापित प्रति सहित छात्रों की सूची संबंधित रोडवेज डिपो को उपलब्ध करवाना होगा। यह प्रमाण -पत्र किसी सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिए। बाद में जांच -पड़ताल करके डिपो के महाप्रबंधक या उनके द्वारा नियुक्त अधिकारी द्वारा बस-पास जारी किए जाएंगे।



परिवहन मंत्री असीम गोयल।

## अंबाला के नालों की सही ढंग से नहीं हुई सफाई

- कांग्रेसी नेता बोले-बरसाती सीजन में बाढ़ फिर लोगों के लिए बन सकती है आफत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि बरसाती सीजन शुरू हो चुका है जबकि अंबाला शहर के ज्यादातर नाले नालियां गंदगी से अटी पड़ी हैं। जबकि प्रशासन व परिवहन मंत्री दावा कर रहे हैं युद्ध स्तर पर सफाई अभियान जारी है लेकिन धरातल पर कोई काम नजर नहीं आ रहा। जैन ने मंगलवार को कांग्रेसियों के साथ कई नालों का मुआयना किया। इस दौरान अंबिका देवी मंदिर के सामने लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। लोगों ने जैन को नाले नालियों की हालत से अवगत करवाया, उन्होंने जैन को बताया कि अभी तक नालों मैं गाद जमी है। सफाई नहीं हुई । जैन ने स्वयं मौके पर पहुंचकर क्षेत्र का जायजा लिया। उन्होंने कहा की परिवहन मंत्री और उनकी टीम सिर्फ दिखावा कर रहे हैं जबकि हालत बदतर हैं। हर पांच मिनट की बारिश में सड़कों पर पानी भर जाता है। इसके कारण नालों की ठीक से सफाई न होना है। उन्होंने मांग की की शहर के छोटे बड़े नाले-नालियों की सफाई सही ढ़ंग से की जाए ताकि बारिश के मौसम के मद्देनजर शहर में बाढ़ जैसी स्थिति से बचा जा सके।



अंबाला। अंबिका देवी मंदिर के सामने से गुजरते नाले का मुआयना करते कांग्रेसी नेता।

### कंप्यूटर प्रोफेशनल्स करेंगे 15 से हड़ताल

**बराड़ा।** हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्स यूनियन के कर्मचारी राज्यभर में 15 जुलाई 2024 से कर्मचारी हड़ताल करेगें। इसमें सरकारी कार्यालयों में काम करने वाले डीआईटीएस, हारट्रॉन , एचसीआरएनएल कर्मचारी भाग लेगें। इसको लेकर बराड़ा तहसील में काम करने वाले कर्मचारियों ने अपना मांग पत्र एसडीएम बराड़ा को सौंपकर मांगें पूरी करवाने की गुहार लगाई।



बराड़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कंप्यूटर प्रोफेशनल्स। फोटो : हरिभूमि

## विवि की टॉप-10 में यदुवंशी कॉलेज की प्रियंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमएससी फिजिक्स के चौथे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। एमएससी फिजिक्स की छात्रा प्रियंका पुत्री मनोज ने 82.9 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में आठवां स्थान हासिल किया। इसके अलावा कॉलेज स्तर पर मुस्कान पुत्री प्रवीन, अनु यादव पुत्री योगेंद्र, अंकिता पुत्री अशोक ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इस प्रकार इन तीनों विद्यार्थियों ने बराबर अंक लेकर दूसरे स्थान पर कब्जा किया। इन विद्यार्थियों में न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता और यदुवंशी डिग्री कॉलेज का नाम भी रोशन किया। संस्था अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने एमएससी फिजिक्स के अच्छे परीक्षा परिणाम आने पर विद्यार्थियों को बधाई दी।

उन्होंने बताया कि यदुवंशी कॉलेज इसी तरह के परीक्षा परिणामों के लिए जाना जाता है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी। संस्था डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने बताया कि एमएससी भौतिक के बाद बायो फिजिक्स में पीएचडी की जा सकती है।



छात्रा प्रियंका।

### बदलाव अभियान के तहत दुनियावी शिक्षा से जुड़ा मदरसा

## अब मदरसे में धार्मिक के साथ हिंदी-अंग्रेजी की शिक्षा भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

'बदलाव' के अभियान के तहत हर क्षेत्र इस मुहिम से जुड़ रहा है। शाहिद हाफिज के नेतृत्व में चल रहा मदरसा दरूल उलूम क़ादरिया (विलेज सिरसगढ़) इस मुहिम से जुड़ चुका है। यह मदरसा अब अपने छात्रों को धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ दुनियावी शिक्षा देने के लिए भी कदम बढ़ा रहा है। नेहा परवीन ने बताया कि जब उन्होंने शाहिद हाफिज से बात की कि उनके मदरसे के बच्चों को भी दुनियावी शिक्षा मिलनी चाहिए और उन्हें समाज में बदलाव लाने के लिए तैयार करना चाहिए, तो वे बिना किसी झिझक के अपने मदरसे के सभी दस्तावेज़ लेकर सरकारी स्कूल गए। वहां उन्होंने अपने मदरसे में दाखिल लगभग 45 बच्चों के प्रवेश के लिए बात की। चूंकि ये सभी बच्चे गरीब परिवारों से आते हैं और धार्मिक शिक्षा प्राप्त करके वापस अपने घर चले जाते हैं, इसलिए इनके दस्तावेज़ पूरे करने में मुश्किल आई और स्कूल ने प्रवेश देने से मना कर दिया। इन छोटे-छोटे बच्चों के सपनों को अब उड़ान के लिए पंख लग चुके थे। शाहिद हाफिज ने नेहा परवीन से दोबारा बात की और मिलकर एक रास्ता निकाला। अब एक शिक्षक नियुक्त कर मदरसे में ही इन जरूरतमंद बच्चों को दुनियावी शिक्षा दी जाएगी।



अंबाला। मदरसे में पढ़ते बच्चों का दृश्य।

- दस्तावेज पूरे न होने की वजह से स्कूलों में नहीं जा पा रहे हैं गरीब परिवारों के बच्चे

### बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए फैसला

मदरसा पहले सिर्फ धार्मिक शिक्षा देता था अब बच्चों के भविष्य को और बेहतर बनाने के लिए हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और गणित जैसे सभी विषय पढ़ाएगा। भले ही इनका दाखिला स्कूल में न हो लेकिन इन्हें ओपन बोर्ड या प्राइवेट बोर्ड से परीक्षा दिलाकर समाज में विकास करने योग्य बनाया जाएगा। शाहिद हाफिज ने बताया कि यह पहली बार होगा कि कोई मदरसा ऐसा कदम उठाने जा रहा है जहां धार्मिक और दुनियावी शिक्षा को जोड़ा जाएगा। यह एक बदलाव की छोटी सी कोशिश है। इसमें समाज के सभी लोगों और सहयोगियों की मदद की जरूरत होगी जो इन बच्चों के लिए आगे आएं और इस मुहिम से जुड़ें। नेहा परवीन ने बताया कि यह एक छोटी सी कोशिश है। इस कोशिश को देखकर भारत के अन्य स्थानों से लोग मदरसे, मंदिर, मस्जिद और धार्मिक स्थलों पर भी शिक्षा की लौ जलाएंगे और सभी धर्म समान रूप से बच्चों की शिक्षा के लिए काम करेंगे। तभी सही मायनों में देश का विकास होगा। ये बच्चे ही कल के युवा हैं। यही देश का भविष्य हैं। ये पढ़े-लिखे और समझदार होंगे तो समाज आगे बढ़ेगा। समाज से भेदभाव और धार्मिक कट्टरता भी घटेगी और सभी लोग समान रूप से शिक्षा की रोशनी में रह पाएंगे। इस दौरान सभी बच्चों की काउंसलिंग भी की गई। उन्हें पढ़ाई का महत्व भी समझाया गया । इस दौरान कृतिका , पंकज और वंदना भी मौजूद रही।

## आंगनवाड़ी वर्कर्स ने परिवहन मंत्री के आवास पर दिया धरना

- सरकार के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

आंगनबाड़ी वर्कर्स ने अपनी मांगों को लेकर महिला एंव बाल विकास मंत्री असीम गोयल के घर के बाहर प्रदर्शन किया। वर्कर्स ने सरकार पर अनदेखी के आरोप लगाते हुए जोरदार नारेबाजी की। सरकार पर वादे से मुकरने के आरोप लगाए। बता दें कि आंगनबाड़ी वर्कर अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से आवाज उठा रही हैं। कई मांगों पर सरकार के साथ सहमति भी बनी है, लेकिन बावजूद इसके मांगे पूरी नही की गई। इसको लेकर प्रदेश भर की आंगनबाड़ी वर्करों में रोष है। वर्कर्स ने कहा सरकार ने उन्हें कुशल व अर्ध कुशल कैटेगरी का भरोसा दिया था। प्रमोशन, एरियर व महंगाई किश्त देने का वादा किया था। इनमें से सरकार ने उनकी कोई भी मांग वादे अनुसार पूरी नहीं की है। इसके चलते उन्हें अपनी आवाज उठानी पड़ रही है। पूरे देश की आंगनबाड़ी वर्करों को फायदे मिल रहे हैं, लेकिन हरियाणा में कोई भी वादा सरकार ने पूरा नही किया। इसको लेकर उनमें रोष है। अब मंत्री के आवास पर धरना दिया गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005